आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 222, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 04 TOP

## एसआरएमएस में मनाया डॉक्टर्स डे



**बरेली अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मंगलवार डॉक्टर्स डे मनाया गया। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला और पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे, शाखा प्रमुख अंकित भारद्वाज आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख ने आदित्य मूर्ति और डॉ. एमएस बुटोला को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर की। उन्होंने आदित्य मूर्ति को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय की मार्केटिंग टीम ने सैलरी अकाउंट, होम लोन और अन्य बैंक उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाखा के स्टाफ संघरतन गौतम, शशांक सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।